## महत्वपूर्ण एवं खास

### हाथी-मानव द्वंद्व पर बनाई जाएगी डॉक्यूमेंट्री

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथी-मानव द्वंद पर जल्द ही डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी देखने को मिलेगी। फिल्म निर्माता माइक पांडेय की टीम ग्राम मोरगा पहुंची हुई है। टीम ने दौरे पर निकले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक धरमलाल कौशिक से मोरगा रेस्ट हाउस में मुलाकात की। भारत सरकार के प्रोजेक्ट एलिफेंट के तहत इसका प्रसारण दूरदर्शन में किया जाएगा। विधायक कौशिक से मुलाकात के दौरान टीम के सदस्यों ने इसकी रूपरेखा की जानकारी दी। इस मौके पर रेंजर अभिषेक दुबे के साथ ही टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### दो मासूमों की तालाब में डूबने से मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जाता है कि दोनों मासूम अपना गार्ड नामक तालाब में नहाने पहुंचे थे। यहां नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में पहुंच गए औरर उनकी पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में एक आठ साल का तथा दूसरा दस साल का बच्चा है। इधर मासूमों के तालाब में डूबने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग गार्ड तालाब में पहुंच गए थे। तालाब के किनारे में दोनों बच्चों के कपड़े, जूते आदि बरामद मिल गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाया तथा मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए रवाना कर दिया।

### चार मंजिला मकान में लगी आग, पुलिस की तत्परता से बची 3 व्यक्तियों की जान, पुरूस्कृत किए गए तीनों जांबाज

**आगजनी में लाखों का सामान जलकर खाक**

**थाना सिटी कोतवाली दुर्ग की कार्यवाही**



**दुर्ग (आरएनएस)।** मंगलवार की रात्रि करीबन 10:30 बजे प्रार्थी संदीप कुमार धोरपड़े पिता मारूती राव धोरपड़े उम्र 43 साल निवासी जवाहर चौक दुर्ग के मकान गवलीपारा वार्ड क्र. 31 कांग्रेस भवन के पीछे दुर्ग में अचानक आग लगने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार यादव के नेतृत्व में उप. निरीक्षक अमित अंदानी, प्र.आर. योगेश चन्द्राकर, आरक्षक उत्कर्ष सिंह, डुमनलाल साहू एवं चालक आरक्षक नवीन यादव मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में सूचना दिया गया तथा मौके की गंभीरता को भापते हुये पेट्रोलिंग प्र.आर. योगेश चन्द्राकर, आरक्षक उत्कर्ष सिंह, चालक आरक्षक नवीन यादव द्वारा अपनी जान की परवाह किये बगैरह प्रार्थी के जलते हुये मकान में खिडक़ी तोडक़र अंदर घुसकर फंसे प्रार्थी के परिजन एक महिला एवं दो पुरूष को हाथ से खींचते हुये दुसरे मकान में शिफ्ट किये तथा उपस्थित जनता के द्वारा सीढ़ी प्रदान करने से सीढिय़ों के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाला। फायर ब्रिगेड पहुंचने पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार यादव द्वारा चारो तलों में फायर बिगेट की सहायता कर आग पर काबू पाया गया। मकान के अंदर भरे गैस के सिलेण्डर होने के बावजूद अपनी जान की परवाह किये बिना कोतवाली पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में, एवं अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा, तथा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के निर्देशों का पालन करते हुये बड़ी घटना होने से बचाया गया। उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा प्र.आर. योगेश चन्द्राकर, आरक्षक उत्कर्ष सिंह, चालक आरक्षक नवीन यादव को पुरस्कृत किया गया।

# मोर आवास-मोर अधिकार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में 900 से अधिक शहरी परिवारों को मिली खुशियों की चॉबी

- आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही सरकार का लक्ष्य- प्रधानमंत्री मोदी
- राज्य के सतत विकास के लिए हमारी शासन कर रही निरंतर कार्य- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

**रायगढ़**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल में आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में मोर आवास-मोर अधिकार का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में आयोजित हुआ। मौके पर राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी उपस्थित रही।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महत्वपूर्ण और खुशी का दिन है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यहां आपको गृह प्रवेश करवाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के सतत विकास के लिए शासन निरंतर कार्य कर रही है। शासन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पीएम आवास के कार्यों को प्राथमिकता से कर रही है। जिससे बड़ी संख्या में लोगों का पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के गृह प्रवेश कर रहे हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार के लिए आज संतुष्टि का दिन है।

राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपना साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर पार्षद पंकज कंकरवाल, राजेन्द्र ठाकुर, पदुमलाल परजा, मुक्तिनाथ बबुआ, डिग्री लाल साहू, सुरेश गोयल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, उपायुक्त सुतीक्षण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आवास हितग्राही उपस्थित रहे।

**वरिष्ठ महिला हितग्राहियों के पैर धोकर किया गया सम्मान, सौंपी घर की प्रतीकात्मक चॉबी-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज पीएम आवास योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र के लगभग 900 से अधिक हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चॉबी प्रदान कर गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने दो वरिष्ठ महिला हितग्राही धरमजयगढ़ निवासी खिमला राठिया एवं लैलूंगा की सलमा मोमिन के पैर धोकर सम्मान करते हुए घर की चॉबी सौंपी। ज्ञात हो कि रायगढ़ शहरी क्षेत्र अंतर्गत 9620 स्वीकृत आवासों में 8133 पूर्ण हो चुके है, जिसमें से 900 से अधिक हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्थायी प्रतीक्षा सूची के 38,796 एवं आवास प्लस के 6305 कुल 45,101 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जो कि छत्तीसगढ़ के जिलों को प्राप्त सर्वाधिक लक्ष्य में 5 वें स्थान पर है। जिले के 26,255 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की गई है। जिले में विगत एक वर्ष में 12,589 आवास पूर्ण किए गए है।

## शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ- राज्यपाल रमेन डेका

- राज्यपाल डेका ने रायगढ़ में विकास एवं अन्य गतिविधियों पर अधिकारियों की ली बैठक

**रायगढ़**

राज्यपाल रमेन डेका ने रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों से विकास एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में बैठक लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। राज्यपाल डेका ने जल संरक्षण एवं जल संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, परंपरागत एवं जैविक खेती प्रोत्साहन, टी.बी.उन्मूलन, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया।

राज्यपाल डेका ने जिले में टीबी उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों एवं प्रगति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि जिले में टीबी टास्कफोर्स का गठन कर टीबी उन्मूलन के लिए कार्य किया जा रहा है। टीबी मित्र के तहत मरीजों की पहचान कर उनके उपचार का नियमित फॉलोअप किया जा रहा है साथ ही अतिरिक्त पोषण आहार भी दिया जा रहा है। राज्यपाल डेका ने टीबी उन्मूलन के लिए बेहतर मॉनिटरिंग करने एवं इसके इलाज को लेकर लोगों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने रेडक्रॉस के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही रेडक्रॉस के चुनाव कराने के निर्देश दिए।

राज्यपाल डेका ने वृक्षारोपण को लेकर विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उसे जीवित रखने को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने पौधरोपण के लिए जल्दी विकसित होने वाली पौधों की प्रजातियों के चयन की बात कही। कलेक्टर गोयल ने बताया कि जिले में विभागीय समन्वय से वृहद पौधरोपण किया गया है, जिसमें ब्लॉक प्लांटेशन पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। जिले में विशेष रूप से पीपल फॉर प्यूपील अभियान चलाया जा रहा है। राज्यपाल डेका ने परंपरागत कृषि एवं जैविक खेती प्रोत्साहन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जैविक कृषि को बढ़ावा देने किसानों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल डेका ने जिले के सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों के रखरखाव के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने बताया कि जिले में शैल चित्रों के बहुत से स्थल हैं इसके रखरखाव को लेकर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल डेका ने ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों से जुड़ी जानकारियां डिजिटल रूप से भी संग्रहित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल डेका ने बैठक में कहा कि ड्रग्स एवं नशे के कारण युवा काफी प्रभावित हो रहे हैं इसके रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि जिले में समुदायिक पुलिसिंग एवं जागरूकता अभियान के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ फॉरवर्ड और बैकवर्ड सोर्स पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक पटेल ने बताया कि सड़क सुरक्षा और हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में साइबर सुरक्षा को लेकर भी जन जागरूकता के लिए साइबर सुबह अभियान चलाया जा रहा है।

## हाईवे पेट्रोलिंग की सतर्कता से टला हादसा

**रायपुर |** आरएनएस

पुलिस अधीक्षक दुर्ग, जितेंद्र शुक्ला के निर्देश में एवम ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात ) के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सतीष ठाकुर, सदानंद विंधराज के नेतृत्व में नेशनल हाईवे 53 में अंजोरा बाईपास से कुम्हारी टोल प्लाजा 40 किलोमीटर के बीच में चार हाईवे पेट्रोलिग तैनात किए गए हैं जो लगातार हाईवे में और समय समय पर अन्य मार्ग मे लगने वाले जाम को हाटाने,सडक़ दुर्घटना में घायलों की मदद, खऱाब वाहन के पीछे रेडियम लगाने, सडक़ से मवेशी हाटाने, सडक़ मे खड़ी वाहन को हाटाने का कार्य करते आ रही है। कल दिनांक 17 सितंबर को वाय शेप ओवर ब्रिज के ऊपर सडक़ मे आयल गिरे होने की सुचना मिलने पर तत्काल हाइवे पेट्रोलिंग के जवानों के बिना देरी किये रेत लेकर सडक़ मे गिरे आयल मे डाला गया जिससे किसी प्रकार की सडक़ दुर्घटना घटिक होने के संभावना को दूर एवं वाहन चालकों के लिये सुरक्षित आवगमन चालू किया गया। इस प्रकार एक बार फिर हाईवे पेट्रोलिंग के जवानों की सूझबूझ से एक बड़ी अनहोनी होने से बचाया गया। यातायात पुलिस दुर्ग सभी आम नागरिकों से अपील करती है कि सडक़ दुर्घटना में घायलों की निसंकोच मदद करें और समय पर उनका इलाज मिलने से उनकी जान बचाई जा सकती है।

## अल्ट्रा ट्रैक सीमेंट प्लांट के रेस्ट हाउस में फांसी पर लटकती मिली श्रमिक का शव

**बलौदाबाजार |** आरएनएस

जिले से हिरमी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मजदूरों के विश्राम गृह के पास एक मजदूर की लटकी हुई लाश मिली है. इस घटना से प्लांट में हडक़ंप मच गया. वहीं सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही मजदूर की लाश को रस्सी काटकर हटा दिया गया था.घटना के बाद से मजदूरों में आक्रोश फैल गया है और मजदूर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं. घटना की सूचना पर सुहेला पुलिस मौके पर पहुंच गई है और कार्रवाई में जुट गई है.

नाम न छापने की शर्त पर मजदूरों ने मीडिया को बताया कि जब भी कंपनी में कोई घटना होती है तो कंपनी अक्सर उसे दबाने की कोशिश करती है और मजदूरों पर दबाव बनाती है. साथ ही नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दी जाती है, जिससे मजदूर भयभीत रहते हैं. आज की घटना में भी यही हुआ है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने के पहले ही रस्सी से लटकी मजदूर की लाश को नीचे उतारकर वहां से हटा दिया गया था. घटना के बाद सुहेला थाना पुलिस समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. वहीं पुलिस मजदूरों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रही है. घटना के संबंध में एसडीओपी भाटापारा एश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि घटना हुई है पुलिस जांच में जुटी है. घटना का कारण अभी अज्ञात है. पंचनामा कार्रवाई की जा रही है. घटना के कारण की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही सामने आएगी.

**डायल 112 साबित हुई संजीवनी**

## गर्भवती महिला का रास्ते में कराया सफल प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**रायगढ़**

प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत, डायल 112 सेवा ग्रामीण इलाकों में संजीवनी साबित हो रही है। जिले के दुर्गम क्षेत्रों में, जहां जाने के लिए नदी, नाले और पहाड़ी क्षेत्रों को पार करना पड़ता है, डायल 112 फायर, मेडिकल और पुलिस सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**इवेंट का विवरण :** दिनांक 15 सितंबर 2024 को घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौद सुकबासु पारा में पुनिया यादव (पति सुरेश यादव) को शाम के समय अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। परिजनों ने तुरंत डायल 112 को कॉल कर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना समय गवाए मौके के लिए रवाना हो गई। रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई, जिसके बाद डायल 112 की टीम में शामिल आरक्षक यशवंत यादव और ड्राइवर जनार चौहान ने सूझबूझ दिखाते हुए मितानिन और परिजनों की सहायता से डायल 112 वाहन में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इसके बाद महिला और नवजात को सुरक्षित घरघोड़ा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।



महिला के परिजनों ने डायल 112 की त्वरित और प्रभावी सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है और इस सेवा को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान बताया है।

प्रदेश सरकार की डायल 112 सेवा ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए कितनी मददगार साबित हो रही है। कुछ दिनों पूर्व कापू थाना क्षेत्र में भी इसी प्रकार की घटना हुई थी, जहां पीड़ित महिला को 3-4 किलोमीटर तक कंधे पर उठाकर डायल 112 तक पहुंचाया गया था। पुलिस विभाग आमजन से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग करें, जो त्वरित और सुरक्षित सहायता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है।

## कोतवाली पुलिस ने किराना दुकान में चोरी करने वाले युवक और दो नाबालिग बालकों को लिया हिरासत में, चोरी का माल बरामद

**रायगढ़**

कोतवाली पुलिस ने सूने किराना दुकान में चोरी करने वाले एक युवक और दो नाबालिग बालकों को हिरासत में लिया है। चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों से चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया है।

रिपोर्टकर्ता पूनमचंद अग्रवाल (उम्र 78 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 04, जगतपुर, रायगढ़ ने थाना कोतवाली में 15 सितम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके किराना दुकान में चोरी हो गई है। 08 सितंबर 2024 को वे रायगढ़ से अंबिकापुर गए थे, और 11 सितंबर को जब वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान में जांच करने पर राशन का सामान, 2 गैस सिलेंडर, एक पीतल का बर्तन और चिल्हर गायब था। इस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 563/2024 धारा 331(4), 305 BNS के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई।



जांच के दौरान, मुखबिर से सूचना मिली कि रामभांठा में एक व्यक्ति गैस सिलेंडर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए से मिलते-जुलते एक व्यक्ति को संजय मैदान के पास हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार किया। आरोपी अजय शर्मा उर्फ गोल्डी (उम्र 23 वर्ष) और उसके 03 साथी, जिसमें 02 नाबालिग हैं, ने मिलकर सूने मकान/किराना दुकान से राशन सामग्री, सिलेंडर और नकदी चोरी की थी।

आरोपियों के मेमोरेंडम पर उनके घर से चोरी के इन सामान बरामद किया गया -

- राशन सामग्री (सर्फ एक्सेल, चाय पत्ती, तेल, आटा, मसाले के पैकेट आदि) कुल कीमत रु.6125।
- एक एचपी गैस सिलेंडर।
- एक पीतल का बर्तन।

मुख्य आरोपी अजय शर्मा उर्फ गोल्डी को 16 सितंबर 2024 की देर शाम गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। दोनों नाबालिग आरोपियों के परिजनों को नोटिस तामील किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303

E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## यशवनी वेलफेयर फाउंडेशन की महिलाओं ने मनाया बड़े धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा पूजा

- फाउंडेशन की महिलाओं ने अपने सिलाई सेंटर में किया भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना

**रायगढ़**



यशवनी वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोजिनी बसंत नवरंग ने महिलाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि आज महिलाएं कोई भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आज हमें गर्व है कि लड़कियां सुई से लेकर जहाज बनाने,, धरती से लेकर आसमान में हवाई जहाज चलाने तक कार्यरत हैं, हमें गर्व है हमारे देश की नारियों पर,, अध्यक्ष सरोजिनी बसंत नवरंग ने यह भी कहा कि यदि हम एक महिला पांच महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं तो वह पांच महिलाएं और पांच-पांच महिलाओं को प्रेरित करेंगे तो हमारा एक छोटा सा प्रयास से हमारे गांव मोहल्ला जिला राज्य देश के सभी महिलाओं को आगे बढ़ने में ज्यादा देर नहीं लगेंगी। महिलाओं ने भी खुद को आगे बढ़ाने के साथ-साथ और पांच-पांच महिलाओं को प्रेरित करने आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इसी खुशी को और दोगुना करते हुए अध्यक्ष सरोजिनी नवरंग ने सिलाई प्रशिक्षण लिए हुए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग जिला-रायगढ़ के जिलाध्यक्ष भगत चंद्रा के साथ जिला उपाध्यक्ष गिरजा शंकर यादव एवं जिला उपाध्यक्ष (युवा) प्रभाकर को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर इनके द्वारा प्रमाण पत्र वितरण करवाया गया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग के जिलाध्यक्ष भगत चंद्रा ने सभी महिलाओं को उनके भविष्य के कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि यदि महिलाएं अपने अधिकार को समझ जाएं तो 99% हमारा समाज का सुधार हो सकता है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आयोग के जिलाध्यक्ष भगत चन्द्रा, उपाध्यक्ष गिरजा शंकर उपाध्यक्ष (युवा) प्रभाकर चन्द्रा के द्वारा जो महिलाएं सिलाई और खेल में प्रथम आई थी उन्हें कपड़ा, काफी, पेन इनाम प्रोत्साहन के तौर पर दिया गया, सभी महिलाओं ने खुशी व्यक्त करते हुए यशवनी फाउंडेशन का दिल से धन्यवाद किया और कहा कि यदि यह प्लेटफॉर्म हमें पहले मिल गया होता तो हम काफी आगे बढ़ चुके होते फाउंडेशन के अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देते हुए महिलाओं ने खुशी व्यक्त किया इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।